- पुलिस मुख्यालय के बाबू का लटका मिला शव II
- श्रमिकों से किया संवाद और बताए अधिकार III
- नारी आक्रोश मशाल यात्रा पर ट्रैफिक डायवर्जन IV



लखनऊ, शनिवार, 2 मई 2026


## शहर में आज



- लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकी नाथ हाल में मजदूर दिवस पर सम्मान समारोह- 1:00 बजे से।
- जेहटा माल रोड साधु बाबा स्थान से संत-महात्माओं के उत्थान एवं प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए पैदल यात्रा- 5:00 बजेसे।
- निराला नगर स्थित रामकृष्ण मठ में रामकृष्ण मिशन का 128वां स्थापना दिवस समारोह- 7:40 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# स्मार्ट मीटर में दिन में 1123 रुपये बैलेंस, शाम को निगेटिव और रात में काट दी बिजली

**नीरज अभिषेक, लखनऊ**

**अमृत विचार:** कनेक्शन नंबर 0193879046 के प्रीपेड मीटर में दिन में 1123 रुपये बैलेंस था, देर शाम ही निगेटिव हो गया और रात 1 बजे बिजली काट दी गई। शिकायत लेकर तकरोही निवासी उपभोक्ता अंशुल अधिकारियों के पास गए, लेकिन निराकरण के बजाए अधिकारियों ने कहा कि, स्मार्ट मीटर पर उनका कोई कंट्रोल नहीं है।

हुसैनाबाद छोटे इमामबाड़े निवासी डॉ. शहामत हुसैन रिजवी भी विभाग के अधिकारियों पर कुछ ऐसा ही आरोप लगाया है। उनके क्लीनिक के कनेक्शन नंबर 5202311308 में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा है। क्लीनिक केवल 4 घंटे ही खुलता है रविवार को बंदी रहती है। 25 अप्रैल को 900 रुपये का रिचार्ज कराया। बैलेंस 21.85 रुपये दिखाया गया, शाम विभाग एसएमएस में 491.04 बकाया बताकर तीन दिनों में रिचार्ज न कराने पर बिजली काटने की चेतावनी दी गई थी। 26 अप्रैल को क्लीनिक बंद थी। बिजली का उपयोग नहीं हुआ, इसके बाद भी रात में बैलेंस खत्म होने और निगेटिव बैलेंस 2573.78 रु का मैसेज आ गया। डॉ.हुसैन ने कहा कि बिजली का उपयोग ही नहीं हुआ तोबैलेंस निगेटिव कैसे हो गया। समस्या लेकर अधिकारियों के पास गया, लेकिन उन्होंने निस्तारण कराने बजाए हाथ जोड़ लिए।

> शिकायत मिलने पर तकनीकी सहित सभी जरुरी जांच कराकर समस्या का निस्तारण किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को अपने बैलेंस को समय- समय पर चेक करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों पर भी मीटर संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
> **-रवि अग्रवाल**, मुख्य अभियंता सेंट्रल जोन

### 300 से 400 उपभोक्ता प्रतिदिन शिकायत लेकर अधिकारियों के पास पहुंच रहे



- स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। हालात यह हैं कि रिचार्ज करने के कुछ चंद घंटों बाद ही बैलेंस खत्म होने के मैसेज आ रहे हैं। कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिना पर्याप्त बिजली उपयोग के ही उनके खातों से हजारों रुपये कट रहे हैं। ऐसी समस्याओं से परेशान 300 से 400 उपभोक्ता रोजाना बिजली उपकेंद्रों पर शिकायतें दर्ज करा रहें हैं। इनमें मीटर के तेज चलने, धीमी रीडिंग, जंप रीडिंग और वास्तविक लोड से अधिक खपत दिखाने जैसी समस्याएं प्रमुख हैं। इसके साथ ही तकनीकी खामियों के कारण खत्म हो रहे प्रीपेड बैलेंस को ठीक कराने के लिए उपभोक्ताओं को महीनों कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारियों की ओर से यह साफ नहीं किया जाता है कि मीटर में बैलेंस आखिर क्यों निगेटिव हो रहें है, और न ही चेक मीटर लगाया जा रहा है। गलत बिलो और मीटर बदलवाने की सबसे ज्यादा शिकायते चिनहट, डालीगंज, राजाजीपुरम ओल्ड और न्यू बीकेटी, चौक, सहादतगंज, दुबग्गा, ऐशबाग, मोहनलालगंज, सरोजनीनगर, यहियागंज, जानकीपुरम, गोमती नगर विस्तार, तेलीबाग, इंदिरानगर, मडियांव, उतरेठिया क्षेत्र से आ रही है। वहीं इन समस्याओं से परेशान उपभोक्ता आए दिन उपकेंद्रो पर प्रदर्शन भी कर रहें है।

### ये हैं नियम

- प्रीपेड मीटर में जीरों बैलेंस होने के बाद भी तीन दिन का समय मिलता है।
- रविवार और अवकाश के दिनों में कनेक्शन का नहीं काटा जा सकता।
- इसके साथ ही नए स्मार्ट मीटर लगने के बाद 45 दिनों तक कनेक्शन को नही काटा जा सकता है।

## सिटी ब्रीफ

### केजीएमयू के डॉ. दर्शन बजाज को तीन प्रतिष्ठित फेलोशिप

**अमृत विचार, लखनऊ:** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दर्शन बजाज को मेडिकल साइंस में उत्कृष्ट योगदान के लिए तीन प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। डॉ. दर्शन बजाज को अमेरिकन कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन्स की ओर से एफसीसीपी, इंडियन कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन्स की ओर से एफआईसीसीपी और इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन की ओर से एफआईएसीएम फेलोशिप प्रदान की गई है।यह सम्मान उन्हें रेस्पीरेटरी मेडिसिन के क्षेत्र में उच्चस्तरीय शोध, उत्कृष्ट क्लिनिकल कार्य तथा मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए दिया गया है। डॉ. बजाज को इन फेलोशिप से औपचारिक रूप से इस वर्ष अक्टूबर में अमेरिका के एरिजोना में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

### हज के लिए लखनऊ से 421 और यात्री मदीना रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ:** हज- 2026 के लिए शुक्रवार को लखनऊ से रवाना हुई 12वीं उड़ान से 421 हज यात्री मदीना के लिए रवाना हुए। सुबह 7 बजे रवाना हुई इस उड़ान से 226 पुरुष और 195 महिलाएं रवाना हुईं। लखनऊ से रवाना हुई इस उड़ान में सबसे ज्यादा 66 हजयात्री वाराणसी के, 54 सीतापुर के, 46 सिद्धार्थनगर के, 45 सुल्तानपुर के, 33 गोंडा के और 26 शाहजहांपुर के हजयात्री शामिल हैं। इस उड़ान से 23 हज यात्री बिहार व 3 महाराष्ट्र के भी रवाना हुए। इस उड़ान से हज यात्रियों की सुविधा के लिए तीन स्टेट हज इंस्पेक्टर मोहम्मद ज़िया, अब्दुल कादिर लखनऊ व मोहम्मद ततहीर बरेली के गये हैं। तीनों स्टेट हज इंस्पेक्टर्स ने इस उड़ान के हज यात्रियों की स्मार्ट वॉच को एक्टीवेट करने में सहायता की। उत्तर प्रदेश के दिल्ली उड़ान स्थल से शुक्रवार को सऊदी एयरलाइंस की दो उड़ानों से केवल 60 हज यात्री मदीना रवाना हुए, शेष हज यात्री अन्य राज्यों के थे।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर और भड़काएगा महंगाई की आग

## 993 रुपये वृद्धि से कारोबारियों में चिंता के साथ नाराजगी, खाद्य वस्तुओं के बढ़ाएंगे दाम

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



चाय-नाश्ता की दुकान पर रखा कमर्शियल सिलेंडर।

**अमृत विचार :** कमर्शियल गैस सिलेंडर में 993 रुपये की वृद्धि न केवल महंगाई की आग भड़काएगी बल्कि चाय-नाश्ते की छोटी दुकानें और खोमचे वालों का रोजगार भी मंदा कर देगी। इस भारी भरकम बढ़ोत्तरी से मिठाई, ढाबा, रेस्टोरेंट और होटल संचालकों के लिए खाद्य सामग्रियों के दाम बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं दिख रहा है। बेतहाशा वृद्धि से कारोबारियों में नाराजगी भी दिखी। कारोबारियों ने कहा कि अभी तक 19 किग्रा को कमर्शियल सिलेंडर 2,201 का था, 993 रुपये की बढ़ोत्तरी होने से 3,194 रुपये में मिलेगा। ऐसे में दाम बढ़ाना उनकी मजबूरी हो जाएगी। समोसा 10 रुपये, खस्ता 20 से 30 रुपये और मिठाई में 100 से 200 रुपये प्रति किलो तक की बढ़ोत्तरी होना तय है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, मेस में थाली के दाम 20 से 50 रुपये तक बढ़ाने के संकेत कारोबारियों ने दे दिए हैं।

शनिवार से ज्येष्ठ माह भी शुरू हो रहा है। इस शहर में जेष्ठ के मंगलवार को भंडारे होते हैं। इस बार तो आठ मंगलवार हैं। कमर्शियल सिलेडरो के दाम बढ़ने का असर भंडारों पर भी पड़ेगा। इसके अलावा कम्युनिटी किचन और नियमित चलने वाले भंडारे में प्रभवित होने की आशंका है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही गैस सिलेंडर की आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो कम्युनिटी किचन और भंडारा सेवाओं पर संकट और गहरा सकता है, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को सबसे ज्यादा

### सहालग पर भी असर

- शादी व अन्य आयोजनों के लिए सिलिंडर की किल्लत वैसे भी ऊपर से कई गुना दाम बढ़ने से इसका असर आयोजनकर्ता पर पड़ेगा। बढ़े दामों पर सिलिंडर खरीदने से कार्यक्रम में खर्च अधिक आएगा। वहीं, कैटरर्स के लिए भी मुश्किल होगा। परेशानी उन्हें होगी जो आगे शादी व अन्य आयोजन के लिए कैटरिंग पहले के दामों के हिसाब से बुक कर चुके हैं। सभी ने बढ़े दामों का विरोध करके वापस लेने की मांग की है।

### प्रभावित होगा होटल कारोबार

- कमर्शियल गैस सिलेंडर पर 993 की वृद्धि बड़ी रकम है। इससे छोटे बड़े सभी होटल और रेस्टोरेंट प्रभावित होंगे। होटलों में चलने वाली रसोईं पर सीधा असर पडेग़ा। कोयला भट्ठी को बुझाया नहीं जा सकता है। यह लगातार जलती है। इससे प्रदूषण बढ़ता है साथ ही कोयले की खपत में बड़ा इजाफा होता है। गैस सिलेंडर में जब जरूरत पड़ी उसे जला दिया गया। जरूरत खत्म तो उसे बंद कर दिया गया।

**-राकेश छाबड़ा पम्मी**, उपाध्यक्ष लखनऊ होटल एसोसिएशन

### होटल एसोसिएशन की बैठक होगी

- गैस सिलेंडर में वृद्धि से अब होटलों की रसोईं चलना मुश्किल हो जाएगी। सिलेंडर तीन हजार के ऊपर हो गया है, भट्ठी पर होटल व्यवसाय मुश्किल है। विकल्प तलाशे, लेकिन रेस्टोरेंट स्तर चलाने में दिक्कत आएगी। थाली से लेकर सभी खानपान की सामग्री महंगी हो जाएगी। आमजन की जेब इन बढ़ी कीमतों से हल्की होगी। इसे लेकर होटल एसोसिएशन एक बैठक करने जा रहा है। उसके बाद अन्य निर्णय लिए जाएंगे।

**-श्याम कृष्नानी**, ज्वाइंट सेक्रेटरी यूपी होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन



> सब्जी, आटा, दाल, चावल आदि महंगी मिलने से मेस में अधिक लागत आती है और उतनी कमाई नहीं है। किसी तरह पहले 2,201 रुपये का सिलेंडर खरीद लेते थे। जो किल्लत के बाद से भट्ठी पर खाना बनाने लगे। इतना महंगा सिलेंडर नहीं लेंगे। भट्ठी पर ही खाना बनाएंगे।
> **- करन कश्यप**, मेस संचालक

> इतनी बिक्री नहीं है कि कई गुना बढ़े दामों पर कमर्शियल सिलेंडर खरीद सकें। वैसे भी किल्लत है और आसानी से नहीं मिल रहा। भट्ठी ही ठीक है। दाम पहले भी नहीं बढ़ाये न अब बढ़ाएंगे।
> **- रामबाबू**, दुकानदार मुरादाबादी बिरयानी





> कमर्शियल सिलेंडरकी किल्लत होने पर भट्ठी पर खाना बनाने लगे। लकड़ी और कोयला भी महंगा हो गया। बढ़ती लागत के कारण मामूली सा दाम बढ़ाया। अब दाम बढ़ायेंगे तो ग्राहक नहीं आएंगे। इसलिए कमर्शियल सिलेंडर नहीं खरीदेंगे।
> **- अभिनव**, संचालक भार्गव रेस्टोरेंट

> वैसे भी कमर्शियल सिलेंडर आसानी से नहीं मिल रहा है। अब कई गुना महंगा खरीदने पर लागत बढ़ जाएगी। मजबूरन समोसा 20, खस्ता 25 रुपये और मिठाई के दाम 100 से 150 तक बढ़ाने पड़ेंगे।
> **- सुरेंद्र गुप्ता**, मदन स्वीट



### वॉयस टैलेंट हंट वॉयस आफ यूपी की घोषणा

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े वॉयस टैलेंट हंट वॉयस आफ यूपी की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। फीवर यूपी अब मचेगा भोकाल के बैनर तले गोमतीनगर स्थित होटल सेंट्रम में इसका लांच इवेंट रखा गया। आज की युवा पीढ़ी के बारे में लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने कहा कि यह पीढ़ी बेहद आत्मविश्वासी है। यह मंच पर खड़े होने से घबराती नहीं, लेकिन सिर्फ सामने आना काफी नहीं है, अब क्रिएटर्स को अपने कंटेंट में गंभीरता चाहिए। इस मौके पर रिटायर्ड आईएएस अवनीश अवस्थी, बिग बॉस के अनाउन्सार विजय विक्रम सिंह, अभिनेता शारिब हाश्मी, कहानीकार लक्ष माहेश्वरी और डिजिटल क्रिएटर्स मारुफ कलमेन, छोटी फिलिम, अपेक्षा गुरनानी और द फीमेल बैंड उपस्थित रहे। विजय विक्रम सिंह ने कहा कि यूपी की आवाजों में वो दम है जो पूरे देश को सुनाई देना चाहिए। पद्मश्री मालिनी अवस्थी, विजय विक्रम सिंह, मारुफ कलमेन, छोटी फिलिम, अपेक्षा गुरनानी और मेरी जिन्दगी द फीमेल बैंड को पहले वॉयस आफ यूपी के अवार्ड से नवाजा गया।

## काहे का मजदूर दिवस



शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया, शहर में जगह-जगह गोष्ठियां कर मजदूरों के अधिकारों की बातें हुईं, लेकिन ज्यादातर मजदूर ऐसे हैं जिन्हें मजदूर दिवस की जानकारी ही नहीं है। ऐसे ही सैकड़ों श्रमिक मजदूर दिवस से अनजान हाड़ तोड़ मेहनत करने में लगे रहे, न उन्हें कोई जागरूक करने आया और न ही ये पूछने कि पेट भरने लायक मजदूरी मिल भी रही है या नहीं। अमृत विचार

### आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी से बिजली व्यवस्था पर असर

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की ओर से 45 प्रतिशत आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी किए जाने के बाद प्रदेश में बिजली व्यवस्था पर असर पड़ने की बात सामने आई है। पावर कॉरपोरेशन के इस निर्णय से कर्मचारियों की भारी कमी हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में निविदा, संविदा कर्मचारी संघ ने गंभीर चिंता जताई है। संघ का कहना है कि कर्मचारियों की कमी के चलते अकुशल श्रमिकों से लाइन का कार्य कराया जा रहा है, जिससे हादसों की संख्या बढ़ रही है। संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विभागीय नियमों के तहत अकुशल कर्मचारियों से लाइन का कार्य कराना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद ऐसा कराया जाना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि कर्मचारियों की जान को भी खतरे में डाल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अकुशल कर्मचारियों से लाइन कार्य कराने पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हटाए गए कर्मचारियों को पुनः बहाल करने, दुर्घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पारा मामूली बढ़ा पर गर्मी से राहत

- गुरुवार रात बारिश से दूसरे दिन ठीक रहा मौसम
- 32 डिग्री के आसपास रहा पारा, हल्की धूप के साथ तपिश रही कम

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** शहर में गुरुवार रात बारिश से शुक्रवार को भी मौसम में बदलाव रहा। पारा में मामूली सी बढ़ोतरी हुई लेकिन, गर्मी से राहत रही। धूप में भी तेजी नहीं रही। इससे तपिश कम रही। ग्रामीण इलाकों में भी लोगों ने राहत महसूस की।

रात तेज बारिश से पारा घटकर 31 डिग्री के आसपास पहुंच गया। इससे मौसम में ठंडक रही और कई दिन से बढ़ते तापमान से राहत की सांस महसूस की। दूसरे दिन भी मौसम ठीक रहा। दोपहर का पारा 32 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया, लेकिन गर्मी व तपिश कम रही। अवकाश का दिन होने के कारण लोग घरों से कम निकले और सड़कों पर सन्नाटा रहा। धूप भी चटक नहीं निकली। शाम को भी मौसम ठीक रहा। हालांकि शनिवार को पारा में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। मौसम को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में गेहूं की कटाई से लेकर अन्य काम किसानों व बागवानों ने निपटाए।

### आंधी से आम को फिर नुकसान

- गुरुवार रात आंधी से मलिहाबाद, काकोरी और माल में आम की फसल को फिर नुकसान पहुंचा। तेज हवा से पेड़ों पर आए फल गिर गए। इससे बागवानों की चिंता और बढ़ गई। पैदावार इस बार काफी हम होने की संभावना जताई। मलिहाबाद के बागवान सचिन यादव का कहना है कि आंधी से आम को नुकसान पहुंचा है। बारिश से कीट-रोग का प्रकोप बढ़ेगा। बागवान मोहसिन खान ने बताया कि बारिश से आम के आकर में वृद्धि होगी। इस समय बागों को पानी की जरूरत होती है। जो बारिश से पूरी हो गई है। लेकिन, आंधी ने पैदावार घटा दी है। वरिष्ठ कृषि विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि ये बारिश आम और अन्य फसलों के लिए फायदेमंद है। बढ़ते तापमान को देखते हुए फसलों को सिंचाई की जरूरत है।

## एसजीपीजीआई

गर्भावस्था के दौरान ही शिशु में थी फीटल ग्रोथ रेस्ट्रिक्शन जैसी गंभीर बीमारी

# बिना ओपन सर्जरी शिशु के हृदय का किया उपचार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



बच्चे के साथ माता-पिता और चिकित्सकों की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के डॉक्टरों ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 34 सप्ताह में जन्मे अत्यंत नाजुक और गंभीर रूप से बीमार शिशु का सफल उपचार किया है। यह जटिल उपचार अत्याधुनिक ट्रांसकैथेटर डिवाइस क्लोजर तकनीक के जरिए किया गया, जिसमें बिना ओपन हार्ट सर्जरी के हृदय की समस्या को ठीक किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने इस उपलब्धि पर पूरी मेडिकल टीम को बधाई दी। इसे आधुनिक चिकित्सा तकनीक का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार यह शिशु एक उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था से जन्मा था। नवजात की मां का पूर्व में 13 बार गर्भपात हो चुका था। जिससे यह गर्भावस्था बेहद संवेदनशील मानी जा रही थी। गर्भावस्था के दौरान जांच में शिशु में 'फीटल ग्रोथ रेस्ट्रिक्शन' जैसी गंभीर समस्या पाई गई, जो प्लेसेंटा के सही ढंग से काम न करने के कारण होती है। जन्म के तुरंत बाद शिशु को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसके चलते उसे एनआईसीयू में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट और सर्फेक्टेंट थेरेपी दी गई। इसी दौरान डॉक्टरों ने शिशु में 'पेटेंट डक्टस आर्टेरियोसस (पीडीए)' नामक गंभीर हृदय रोग का भी पता लगाया, जिसमें जन्म के बाद बंद हो जाने वाली रक्त वाहिका खुली रह जाती है और हृदय व फेफड़ों पर अतिरिक्त दबाव डालती है। प्रारंभिक तौर पर दवाओं से इलाज किया गया, लेकिन अपेक्षित सुधार न होने पर डॉक्टरों ने 45वें दिन ट्रांसकैथेटर पीडीए डिवाइस क्लोजर प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लिया। यह प्रक्रिया अत्यंत जटिल मानी जाती है, खासकर इतने छोटे और प्रीटर्म शिशु में। इस तकनीक के तहत कैथेटर के जरिए शरीर के भीतर एक छोटा उपकरण डालकर बिना चीरा लगाए रक्त वाहिका को बंद किया गया। प्रक्रिया के बाद शिशु की हालत में लगातार सुधार हुआ और धीरे-धीरे उसे वेंटिलेटर से हटाया गया। कार्डियोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों की टीम ने इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उपचार के बाद शिशु सामान्य रूप से दूध पी रहा है उसका वजन भी बढ़ना शुरू हो गया है। 76 दिनों के इलाज के बाद नवजात को पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

### ये है टीम

- इस सफलता में हृदय रोग विभाग की टीम का नेतृत्व डॉ. अंकित साहू एवं प्रो. आदित्य कपूर ने किया, साथ में सीनियर रेजिडेंट डॉ. बिभास रहे। नवजात विभाग की क्लिनिकल टीम में डॉ. फौजिया फरहत, डॉ. अभिषेक पॉल, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. आकांक्षा वर्मा, डॉ. आरोही गुप्ता, डॉ. आरके श्वेताभ और सीनियर रेजिडेंट डॉ. अंकिता एवं डॉ. अन्बारसन शामिल रहे।

# ट्रॉमा सेंटर की कैजुअल्टी में 6 डॉक्टरों के जिम्मे 80 मरीज

- 200 से 250 मरीज प्रतिदिन पहुंचते हैं इमरजेंसी में
- 42 बेड कैजुअल्टी वार्ड के ज्यादातर समय भरे रहते हैं

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर के कैजुअल्टी वार्ड में मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर के कैजुअल्टी वार्ड में रेजिडेंट डॉक्टरों की कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या के मुकाबले सीमित स्टाफ होने से इलाज में देरी और अव्यवस्था की स्थिति बन गई है।

400 बेड वाले ट्रॉमा सेंटर में की इमरजेंसी में प्रतिदिन 200 से 250 मरीज पहुंचते हैं। पंजीकरण के बाद मरीजों को सबसे पहले कैजुअल्टी वार्ड में भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया जाता है, जिसके बाद उन्हें संबंधित विभागों में शिफ्ट किया जाता है। कैजुअल्टी वार्ड में लगभग 42 बेड हैं, जो ज्यादातर समय भरे रहते हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को स्ट्रेचर पर ही भर्ती करना पड़ता है। इन सभी मरीजों के इलाज की जिम्मेदारी महज 6 से 7 रेजिडेंट डॉक्टरों पर होती है। शुक्रवार दोपहर यहां करीब 80 मरीज भर्ती थे।

इनके इलाज के लिए 6 रेजिडेंट डॉक्टर और 8 नर्सिंग स्टाफ तैनात थे, जो मरीजों के दबाव के मुकाबले काफी कम हैं। ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह के अनुसार, रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, कैजुअल्टी में मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए अन्य विभागों से भी रेजिडेंट डॉक्टरों की मदद ली जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### छठे तल से गिरकर पेंटर की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार स्थित शालीमार वन वर्ल्ड की निर्माणाधीन इमारत में काम कर रहे पेंटर की छठें तल से गिरकर मौत हो गयी। मूलरूप से बाराबंकी के मुबारकपुर निवासी दीपेश कुमार (23) पेंटर था। परिवार में मां रामलली, भाई चंद्र प्रकाश और इंदल हैं। चाचा मान सिंह ने बताया कि दीपेश करीब 15 दिन से गोमतीनगर विस्तार के शालीमार वन वर्ल्ड में काम कर रहा था। गुरुवार को दीपेश छठी मंजिल में काम कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने पर वह नीचे आ गिरा। दीपेश को घायल देखकर साथी मजदूर नीचे पहुंचे। आनन-फानन में लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दीपेश को मृत घोषित कर दिया।

### तार में करंट उतरने से युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिगवां थाना क्षेत्र में ट्यूबवेल के लिए लगाए गए तार में करंट उतरने से युवक की मौत हो गयी। पहाड़पुर गांव निवासी अमित (21) खेतों पर मजदूरी का काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह पत्नी से खेत में लगे ट्यूबवेल पर नहाने की बात कहकर निकला था। इसी दौरान वह नंगे पैर खेत में उतरा, तभी तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही महिगवां पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

### अज्ञात युवक का शव मिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज स्थित श्याम मोटर्स के सामने डिवाइडर पर शुक्रवार को लगभग 30 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची ठाकुरगंज पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खुदकुशी मामले में पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

**अमृत विचार , लखनऊ :** पत्नी और उसके प्रेमी की प्रताड़ना से परेशान होकर राजगीर मिस्त्री बबलू (40) ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। मौत के बाद परिजनों ने उसकी पत्नी चांदनी और उसके प्रेमी पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। मृतक के पिता श्रीराम की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया था। एसीपी विकास पांडेय के अनुसार आरोपी पत्नी चांदनी को उसके मायके जैतीखेड़ा और प्रेमी सत्यमपाल को निगोहां से गिरफ्तार किया गया। सत्यमपाल रायबरेली के चांदेमऊ का रहने वाला है और मोहनलालगंज में एक बैंक में रिकवरी एजेंट था। जांच में दोनों के मोबाइल कॉल डिटेल निकलवाए गए, जिसमें उनके बीच लंबे समय तक बातचीत होने की पुष्टि हुई। पुलिस के मुताबिक जांच में परिजनों के आरोप सही पाए गए हैं।

### मकान की गैलरी में आग, दो गाड़ियां जलीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा के राजाजीपुरम सी-ब्लॉक स्थित मिनी एलआईजी कॉलोनी में शुक्रवार सुबह मकान की गैलरी में आग लग गई। मकान मालिक सुरजीत सिंह के बेटे हरदीप सिंह खालसा के मुताबिक सुबह करीब सात बजे मोहल्ले के लोगों ने आग लगने की सूचना दी। गैलरी में तीन इलेक्ट्रिक गाड़ियां चार्जिंग पर लगी थीं, तभी आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया और दो गाड़ियों को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। आग से बिजली का मीटर, वायरिंग और वाई-फाई उपकरण भी जलकर खाक हो गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड, पुलिस और बिजली विभाग को बुलाया गया, हालांकि दमकल के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

### युवती समेत दो से 13.82 लाख की ठगी

**अमृत विचार , लखनऊ :** टेलीग्राम के जरिए पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने युवती समेत दो लोगों से 13 .82 लाख रुपये ठग लिए। गूगल रिव्यू टॉस्क के नाम पर शुरुआत में छोटे भुगतान कर भरोसा जीता गया, फिर बड़ी रकम ऐंठ ली गई। दोनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। चौक निवासी शिवानी जायसवाल के अनुसार 21 अप्रैल को व्हाट्सएप लिंक के जरिए उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। जालसाजों ने गूगल मैप पर रेस्टोरेंट रिव्यू का काम बताया और शुरुआती टॉस्क पर 200 रुपये दिए। बाद में क्यूआर कोड के जरिए रकम जमा कराई गई। अकाउंट फ्रीज व ट्रेडिंग एरर का बहाना बनाकर कई बार में 10 .88 लाख रुपये ठग लिए गए।

# पेट्रोल पंप के पीछे मिला किशोर का शव, दोस्त पर हत्या का आरोप

## मदेयगंज इलाके की घटना, सीसीटीवी कैमरों की मदद से पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


आयुष सिंह

- परिवार संग घर में ताला लगाकर किशोर फरार
- पुलिस ने जांच की तेज

**अमृत विचार :** मदेयगंज इलाके में गुरुवार देर रात संदिग्ध हालात में किशोर की मौत हो गई। उसका शव घर से करीब पांच सौ मीटर दूर डालीगंज क्रॉसिंग इंडियन ऑयल टंकी के पीछे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की। मृतक के मामा ने पड़ोस में रहने वाले एक दोस्त पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस जब आरोपी के घर पहुंची तो वहां ताला मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच तेज कर दी है।

शिया कॉलेज के पीछे रहने वाले अरुण ने बताया कि भांजा आयुष सिंह (17) उनके साथ रहता था। आयुष के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। रोजाना की तरह गुरुवार सुबह करीब दस बजे वह दुकान में काम करने के लिए घर से निकला था। वह आमतौर पर दोपहर में खाना खाने घर आता था, लेकिन उस दिन नहीं लौटा। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजन चिंतित हो गए और खोजबीन शुरू की।

इसी दौरान रात करीब 11:45 बजे पुलिस ने मामा अरुण को कॉल कर बताया कि आयुष अचेत हालत में डालीगंज क्रॉसिंग स्थित इंडियन ऑयल टंकी के पीछे पड़ा मिला है। पुलिस उसे तत्काल ट्रामा सेंटर ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मदेयगंज एसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आयुष और उसका दोस्त नशे का इंजेक्शन लेते थे। नशे के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद मारपीट की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### परिचित मैकेनिक ने की थी पहचान

- छानबीन में पता चला कि पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर ने सबसे पहले आयुष को अचेत पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। कुछ देर बाद एक परिचित मैकेनिक ने आयुष को पहचानकर परिजनों का मोबाइल नंबर दिया, जिसके बाद पुलिस ने सूचना दी।


### बुधवार को मारपीट के बाद दी थी धमकी

- मामा अरुण के मुताबिक बुधवार को आयुष का पड़ोस में रहने वाले दोस्त से विवाद हुआ था। उस दौरान पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया था, लेकिन आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि इसी रंजिश में दोस्त ने आयुष को पेट्रोल पंप के पीछे बुलाकर उसकी हत्या कर दी। आयुष के शरीर और चेहरे पर कई चोट के निशान मिले हैं।

# पुलिस मुख्यालय के बाबू का लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुसाइड नोट में खुद को बताया जिम्मेदार
- मां ने युवती, उसके पिता व भाई पर दर्ज कराई रिपोर्ट
- सुशांत गोल्फ सिटी के अहिमामऊ इलाके की घटना



**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी के अहिमामऊ में पुलिस मुख्यालय के बाबू का शव घर में लटका मिला। दो दिन से कॉल रिसीव न होने पर दोस्त कमरे पर पहुंचे तो दरवाजा बंद था। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर शव लटका मिला। छानबीन के दौरान मिले चार पन्नों के सुसाइड नोट में खुद को मौत का जिम्मेदार बताया है। वहीं, मां ने एक युवती, उसके भाई व पिता पर खुदकुशी के लिए उकसाने व प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मूल रूप फतेहपुर जिला के तामेश्वर नगर निवासी सतेंद्र कुमार (34) अहिमामऊ गांव में किराए पर रहते थे। सतेंद्र अलीगढ़ हाईकोर्ट में बाबू था। पुलिस विभाग में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मिनिस्ट्रीयल में चयन होने के बाद करीब दो वर्ष पूर्व नौकरी छोड़ दी थी। वह पुलिस मुख्यालय में बाबू था। सौतेले भाई देवेंद्र ने बताया कि सतेंद्र दो दिन से उसका फोन नहीं उठ रहा था। उसने भाई के दोस्त को कॉल कर सूचना दी। 30 अप्रैल को दोस्त ने कॉल की तो उसका भी फोन नहीं उठा। रात 9:00 बजे दोस्त ने कमरे पर पहुंचकर दरवाजा खटखटाया।

जवाब नहीं मिलने पर डॉयल-112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। भीतर गयी तो रस्सी के सहारे सतेंद्र का शव लटका मिला। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि छानबीन के दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें लिखा था कि संसार के दुख झेलते झेलते मैं परेशान हो गया हूं और अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को ठहराते हुए किसी को परेशान न किया जाए।

बहनोई अनिल ने बताया कि करीब डेढ़ साल पूर्व सत्येंद्र की इंस्टाग्राम के माध्यम से वैदिका नाम की युवती से मेलजोल शुरू हुआ। बात शादी तक पहुंच गई, लेकिन युवती के भाई व पिता रिश्ता मंजूर नहीं था। शादी से मुकर के साथ ही युवती सत्येंद्र को ब्लैकमेल कर रुपये की मांग करने लगी। रुपये न देने पर जान से मारने व फंसाने की धमकी देती थी। मृतक की मां सुखरानी ने युवती, उसके पिता व भाई के खिलाफ प्रताड़ित करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कैंसर से जूझ रहे अधेड़ ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड स्थित बड़ा भरवारा इलाके की घटना

**अमृत विचार:** विभूतिखंड के बड़ा भरवारा इलाके में मुंह से कैंसर से जूझ रहे अधेड़ ने शुक्रवार को वॉशरूम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी घर पहुंची तो शव लटका मिला। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बड़ा भरवारा निवासी रामकेश यादव (55) करीब चार-पांच साल से मुंह के कैंसर से ग्रसित थे। उनका राम मनोहर लोहिया अस्पताल से इलाज चल रहा था। परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। बीमारी के चलते रामकेश घर पर ही रहते थे। शुक्रवार दोपहर पत्नी कुछ काम से बाहर गयी थी। बच्चे भी घर पर नहीं थे। इसी दौरान रामकेश ने वॉशरूम में फंदा लगा लिया। करीब सवा तीन बजे पत्नी घर पहुंची। पति को कमरे में न देख वॉशरूम की ओर गयी तो दरवाजा अंदर से बंद था।

खटखटाया, आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पत्नी ने झरोखे से देखा तो रामकेश लटके मिले। शोर सुनकर आसपड़ोस के लोग दौड़े। खबर मिलते ही विभूतिखंड पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने धक्का देकर दरवाजा खोला। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या की वजह बीमारी ही सामने आया है।

# बहन की शादी के दो दिन बाद युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शुक्रवार को बहन की चौथी लेने जाने वाला था
- ठाकुरगंज के मुफ्तीगंज इलाके की घटना



**अमृत विचार:** ठाकुरगंज इलाके में बहन की शादी के दो दिन बाद युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन की लेकिन खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को युवक को बहन की चौथी लेने जाना था।

नैपियर रोड स्थित मुफ्तीगंज निवासी जुगल किशोर कश्यप गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज में चपरासी की नौकरी करते थे। आंखों की रोशनी कम होने कारण बेटा आयुष (22) पिता की जगह कॉलेज में काम करने लगा था। जीजा आकाश कश्यप ने बताया कि गुरुवार शाम आयुष परिवार के सभी लोगों के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। कुछ देर बाद वह कमरे में चला गया। देर रात करीब दो बजे छोटी बहन कुछ काम से कमरे में गयी तो आयुष को रस्सी के सहारे एंगल से लटका देखा। चिल्लाते हुए वह कमरे से बाहर की ओर भागी।

शोर सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो दृश्य देखकर चौंक गए। परिजन ने रस्सी को काटकर आयुष को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कमरे की छानबीन की, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि आयुष तीन बहनों में इकलौता था। 28 अप्रैल को उसकी बहन नैंसी की शादी थी। घर पर नाते-रिश्तेदार मौजूद थे। शुक्रवार को परिवार के लोग नैंसी की चौथी लेने जाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया है।

### मजदूर ने की खुदकुशी

- **अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर इलाके में शुक्रवार को मजदूर ने घर में दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मानकनगर के तेजीखेड़ा निवासी अमरजीत सिंह (19) कृष्णानगर के आजाद नगर मोहल्ले में किराए पर रहकर मजदूरी का कार्य करता था। खुदकुशी का कारण स्पष्ट नहीं है।

# शादी समारोह से लौट रहे ज्योतिषी की सड़क हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिंगारनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे हुआ हादसा

**अमृत विचार :** सिंगारनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे गुरुवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार ज्योतिषी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसओ मानकनगर अजीत कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे स्पष्ट होगा कि हादसा टक्कर से हुआ या बाइक स्लिप हुई।

कृष्णानगर के जय प्रकाश नगर निवासी अनुराग शुक्ला (50) ज्योतिषी थे। परिवार में पत्नी रिचा और दो बेटियां हैं। उनके मित्र दिनेश अवस्थी के अनुसार गुरुवार को वे अवस्थी लॉन में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने बाइक से गए थे। रात करीब 11 बजे लौटते समय सिंगारनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अनुराग सिर के बल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस व एंबुलेंस ने उन्हें लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जेब में मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने आशंका जताई है कि सड़क पर चल रहे निर्माण कार्य और पड़ी सामग्री भी हादसे का कारण हो सकती है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# शाहखर्ची के लिए सैन्य अधिकारी के मकान में की चोरी, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पुलिस की गिरफ्त में चोरी करने के आरोपी। अमृत विचार

- 11.88 लाख रुपये, जेवर, सेना का कार्ड व स्कूटी बरामद
- दो आरोपियों की तलाश में दबिश सीसीटीवी से मिला था सुराग

**अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में सैन्य अधिकारी के मकान में चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 11.88 लाख रुपये, जेवर, सूर्या ऑफिसर्स का मेंबर्स कार्ड और चोरी में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है। दो अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल के अनुसार ओल्ड विक्टोरिया लाइन निवासी नायब सूबेदार रणजीत सिंह ने 15 अप्रैल को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अटल रोड निवासी सैन्य अधिकारी शुभम सलूजा के मकान में चोरी हुई है। घटना की जानकारी मकान की देखरेख करने वाले आदित्य ने दी थी।

जांच के दौरान कैंट पुलिस ने आसपास के करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें पांच संदिग्ध दिखाई दिए। सर्विलांस की मदद से लोको तिराहे के पास से स्कूटी सवार तीन आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उनकी पहचान आदिल कुरैशी, सूरज सरोज और सोहेल के रूप में हुई।

पुलिस के मुताबिक गिरोह में कुल पांच आरोपी शामिल थे। दो की तलाश जारी है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने शाहखर्ची के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

### दुबई जा रहे यात्री के बैग में मिला तमंचा

**अमृत विचार , सरोजनीनगर :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह दुबई जा रहे एक यात्री के बैग से तमंचा बरामद होने से हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ जवानों ने चेकिंग के दौरान उसे हिरासत में लेकर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस व एलआईयू ने घंटों पूछताछ की, लेकिन आरोपी तमंचा बैग में होने की संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका।

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के मुताबिक पकड़ा गया यात्री गोंडा के मनकापुर निवासी महेश कुमार चौहान है। वह सुबह 05:45 बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से दुबई जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। लगेज बुकिंग के दौरान लेवल-4 स्क्रीनिंग में बैग के भीतर संदिग्ध आकृति दिखी। तलाशी लेने पर 312 बोर का तमंचा बरामद हुआ।

सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पूछताछ में महेश ने बताया कि वह नौकरी के लिए दुबई जा रहा था ।

# मरीज की मौत के बाद डॉक्टरों से हाथापाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर का मामला, पुलिस ने संभाली स्थिति

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में गुरुवार रात एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हाथापाई कर दी, जिससे अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। मामले में संस्थान प्रशासन की ओर से चौक थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

हरदोई के संडीला निवासी राजकुमार गुप्ता (60) को सांस लेने में तकलीफ थी। परिजन उन्हें पहले जिला अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। रात करीब दो बजे ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता बताई। इसी दौरान जब डॉक्टर वेंटिलेटर पर शिफ्ट करने की तैयारी कर रहे थे, तभी मरीज की मौत हो गई।

मौत के बाद परिजन भड़क उठे और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि गुस्साए परिजनों ने ट्रॉमा सेंटर में रखे कंप्यूटर और प्रिंटर को धक्का देकर नुकसान पहुंचाया। विरोध करने पर डॉक्टरों और परिजनों के बीच तीखी झड़प हो गई। देखते ही देखते हाथापाई तक पहुंच गई।

घटना के चलते कुछ समय के लिए ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकीय सेवाएं भी प्रभावित रहीं। मामला बढ़ता देख अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को शांत कराया।

संस्थान के चीफ प्राक्टर डॉ. आरएस कुशवाहा ने बताया घटना को आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

### हर्ष फायरिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज के रसूलपुर आसिक अली गांव में गुरुवार तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग हुई। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में बन्टी निवासी कटरा बक्कास थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ व दीपक मिश्रा को विनायक सिटी गंगागंज शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 30 अप्रैल को पुनवासी निवासी ग्राम रसूलपुर आसिक अली कोतवाली गोसाईगंज लखनऊ ने तिलक समारोह मे पीड़ित के पुत्र सुजीत कुमार (16) के साथ गाली गलौज करने उसके मना करने पर राइफल से जान से मारने की नियत से फायरिंग करने के दौरान पीड़ित के बेटे सुजीत के दाहिने पैर के घुटने के नीचे गोली लग जाने व घायल हो जाने व जाते-जाते जान से मार देने की धमकी देने के संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

# ममेरे देवर संग भागी महिला पति ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाजारखाला स्थित ऐशबाग इलाके में युवक ने घर के बेसमेंट में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। जांच में पता चला कि प्रेम विवाह के चार माह बाद पत्नी ममेरे देवर संग भाग गयी थी। पत्नी के जाने के बाद से युवक अवसाद में था। सूचना पर पहुंची बाजार खाला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ऐशबाग दारू गोदाम निवासी शिवम शुक्ला (30) मां सोनम की चाय की दुकान पर काम करता था। भाई अविनाश ने बताया कि शिवम ने चार माह पहले वंदना पाठक से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद शिवम काम के सिलसिले में कानपुर देहात के रनिया में रहने वाली ममेरी बहन के घर चला गया। वहीं पर वंदना की मुलाकात ममेरे भाई ऋषभ से हो गई। दोनों में बातचीत होने लगी। इस बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई। इसके बाद शिवम और वंदना लखनऊ आ गए थे, लेकिन बातचीत होती रही।

18 अप्रैल को शिवम और वंदना के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। शिवम ने वंदना को थप्पड़ मार दिया। जिसकी शिकायत उसने ऋषभ से की। इस पर ऋषभ की बहन रीता ने बहाने से दोनों को कानपुर बुलाया और ऋषभ वंदना को लेकर फरार हो गया। इसके बाद से शिवम परेशान रहने लगा था। गुरुवार देर रात शिवम ने घर में दुपट्टे के सहारे फंदा लगा लिया। रात में जब परिजन खाना खाने के लिए शिवम को बुलाने गए तो वह घर के नीचे बेसमेंट में लटका मिला।

दबंगई

## रुपये मांगने पर असलहे के बल पर पीटा

# मकान का झांसा देकर व्यवसायी से 1.25 करोड़ ऐंठे

- सुशांत गोल्फ सिटी थाने में पांच पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मकान बेचने का झांसा देकर जालसाजों ने एक व्यवसायी से 1.25 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। रजिस्ट्री में टालमटोल होने पर रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने घर में घुसकर असलहे के बल पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-20 निवासी महेश कुमार मौर्य के मुताबिक लक्ष्मी तिवारी ने उनसे संपर्क कर भरवारा खरगापुर व कलवारी बस्ती स्थित दो मकान बेचने की बात कही। मकान दिखाने के बाद सौदा 1.25 करोड़ रुपये में तय हुआ। महेश ने यूपीआई, आरटीजीएस और नकद के माध्यम से पूरी रकम दे दी, लेकिन बाद में रजिस्ट्री को लेकर टालमटोल शुरू कर दी गई।

रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकाया। पीड़ित के अनुसार 29 अप्रैल को लक्ष्मी तिवारी और परवेज आलम घर पहुंचे और विवाद करने लगे। इसके बाद फोन कर अन्य लोगों को बुलाया गया। थार जीप से पहुंचे हसन हुसैन, शिवसागर समेत अन्य असलहाधारी आरोपियों ने महेश पर हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के अनुसार तहरीर के आधार पर लक्ष्मी तिवारी, परवेज आलम, हसन हुसैन, शिवसागर व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और हमले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेची जमीन, ठगे 90 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीआरसी कन्सट्रक्शन कम्पनी के निदेशक पिता-पुत्र ने बिजनौर के मेमौरा गांव में फार्म हाउस बेचने के नाम पर फर्जीवाड़ा किया। आरोप है कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर विवादित भूखंड को फार्म हाउस बनाकर 90 लाख रुपये ठग लिये। आरोपियों ने फर्जी तरीके से फार्म हाउस की रजिस्ट्री भी करा दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हजरतगंज के राणा प्रताप मार्ग निवासी कारोबारी अमित कुमार गुप्ता के मुताबिक 2013 में अपने और पिता ध्रुव कुमार गुप्ता के नाम से मेमौरा गांव में 18200 वर्गफीट भूमि एक निर्माण कंपनी से खरीदी। इस जमीन पर बाद में फार्म हाउस व तीन मंजिला होटल का निर्माण भी कराया गया। इसके बाद एलडीआरसी कंस्ट्रक्शन कंपनी के निदेशक पिता-पुत्र मुकेश जिंदल व भव्य जिंदल ने 2023 में धोखे से फार्महाउस की रजिस्ट्री अपने पक्ष में करा ली। इसके बदले में भव्य जिंदल की महालक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी के हिस्से 24,000 वर्गफीट जमीन देने का वादा किया। आरोपियों ने इस भूखंड की रजिस्ट्री भी कर दी। जानकारी हुई कि यह जमीन पहले से विवादित निकली और उस पर एयरफोर्स का कब्जा बताया गया। जब पीड़ित मौके पर कब्जा लेने पहुंचे तो उन्हें वहां से भगा दिया गया। आरोपी ने विवादित भूखंड की जानकारी छिपाकर फर्जी दस्तावेज पर रजिस्ट्री कराई थी। दबाव बनाया गया तो उसने चेक दिया। जो भुगतान के लिए लगाते ही बाउंस कर गया। आरोप है कि जमीन या रुपया वापस मांगने पर पिता-पुत्र ने जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर बंथरा राणा राजेश सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### जमीन के नाम पर 25 लाख रुपये ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** शांतिपुरम स्वास्थ्य विहार निवासी क्षितिज अवस्थी के मुताबिक सिसेंडी निवासी शिलारी चौरसिया और उनके बेटे ने उसकी मुलाकात राजेश कुमार से कराई। आरोप है कि कल्ली पश्चिम में सड़क से लगी गाटा संख्या-919 की जमीन बताकर एक करोड़ रुपये में सौदा तय कराया। जमीन अनुसूचित जाति के व्यक्ति के नाम होने के कारण बैनामा संभव न होने की बात कहकर एग्रीमेंट कराया गया, जिसके एवज में 5 लाख रुपये चेक से और 20 लाख रुपये नकद ले लिए गए। बाद में लेखपाल से जानकारी करने पर पता चला कि उक्त गाटा के पास कोई सड़क नहीं है, जबकि एग्रीमेंट में सड़क दर्शाई गई थी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

# करुणा, समता और नैतिकता का पाठ पढ़ाते भगवान बुद्ध

## बुद्ध पूर्णिमा पर मंदिरों में की गई भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना, जगह-जगह संगोष्ठियों का आयोजन, बुद्ध के जीवन पर डाला प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्रवार को शहर में बुद्ध मंदिरों में पूजा अर्चना के अलावा कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने विश्वशान्त्यै बुद्धविचारस्य अवदानम् विषय पर संस्कृत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने कहा कि आज हम यहां एक ऐसे महापुरुष को स्मरण करने के लिए एकत्र हुए हैं जिन्होंने मानवता को शांति, करुणा और मध्यम मार्ग का अमूल्य संदेश दिया।

डॉ. शीलवंत सिंह ने कहा कि यदि हम गौतम बुद्ध के संदेश को प्रशासनिक और सामाजिक दृष्टिकोण से देखें तो वह हमें तीन महत्वपूर्ण सिद्धांत सिखाते हैं, करुणा- समाज के हर वर्ग के प्रति संवेदनशीलता, समता- सभी के साथ समान व्यवहार। नैतिकता- ईमानदारी और सत्यनिष्ठा। यही तीनों सिद्धांत एक आदर्श समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम बुद्ध के विचारों को केवल स्मरण न करें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारें, हम क्रोध के स्थान पर करुणा अपनाएं, द्वेष के स्थान पर मैत्री अपनाएं और अज्ञान के स्थान पर ज्ञान का मार्ग चुनें।




बुद्ध पूर्णिमा पर गौतम बुद्ध मार्ग स्थित बौद्ध धर्मांकुर में भगवान बुद्ध को फल चढ़ाती महिलाएं और रिसालदार पार्क के बुद्ध बिहार मंदिर में बुद्ध को स्नान कराते विराहाध्यक्ष भिक्षु ज्ञानालोक और अन्य। अमृत विचार

### हजरतगंज के मंदिर में की गई पूजा-अर्चना

**अमृत विचार, लखनऊ:** भगवान बुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर डॉ. अम्बेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वावधान में मार्टिन पुरवा हजरतगंज स्थित बुद्ध मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत संगठन के अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन और बुद्ध वंदना के साथ किया। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी में सिद्धार्थ गौतम के रूप में हुआ था। राजकुमार होते हुए भी उन्होंने सत्य की खोज के लिए वैभव का त्याग कर आध्यात्मिक मार्ग अपनाया। उन्होंने कहा कि बुद्ध केवल गुरु ही नहीं, बल्कि महान विचारक और ज्ञान के स्रोत थे। आज के समय में उनके शांति, करुणा और अहिंसा के संदेश अत्यंत प्रासंगिक हैं।

### सत्य की खोज में गौतम बुद्ध ने अपना राज-पाट त्याग दिया

संगोष्ठी में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रदीप कुमार द्विवेदी ने कहा कि यह दिन गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण का स्मरण कराता है। गौतम बुद्ध का बचपन राजसी सुख-सुविधाओं में बीता, लेकिन जब उन्होंने जीवन के दुखों को देखा, तो उनका मन विचलित हो गया। सत्य की खोज में उन्होंने अपना राज-पाट त्याग दिया और कठिन तपस्या की। उन्होंने लोगों को सिखाया कि इच्छा ही दुख का कारण है और दुख से मुक्ति पाने के लिए अष्टांगिक मार्ग अपनाना चाहिए। उनकी शिक्षाएं अहिंसा, करुणा, सत्य और शांति का संदेश देती हैं। आज के समय में जब दुनिया में अशांति और तनाव बढ़ रहा है, बुद्ध के विचार हमें सही मार्ग दिखाते हैं। प्रशासनिक अधिकारी जगदान्द झा ने कार्यक्रम में सभी का आभार व्यक्त किया।




संगोष्ठी में मौजूद दिनेश कुमार मिश्र, डॉ. शीलवंत सिंह और अन्य।

### बुद्ध के विचार ही विश्व को दे सकते हैं शांति का मार्ग : डॉ. निर्मल

**अमृत विचार, लखनऊ:** आंबेडकर महासभा ने बुद्ध जयंती डॉ. आंबेडकर महासभा सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि भगवान बुद्ध सामाजिक भेदभाव और असमानता के खिलाफ संघर्ष करने वाले महानायक थे। उन्होंने सुमित भंगी और उपालि नाई को संघ में स्थान देकर समाज को समता और सद्भाव का संदेश दिया। डॉ. निर्मल ने कहा कि बुद्ध ने महिलाओं को संघ में स्थान देकर महिला सशक्तिकरण की नींव रखी, जो उस समय के लिए एक क्रांतिकारी कदम था। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। कई देशों के बीच संघर्ष जारी है, लेकिन किसी भी समस्या का समाधान युद्ध नहीं हो सकता। प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज ने कहा कि वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया संघर्ष और अशांति के दौर से गुजर रही है, ऐसे में बुद्ध का शांति का संदेश ही वैश्विक अमन और चैन स्थापित कर सकता है। कार्यक्रम में अमरनाथ प्रजापति, डॉ. सत्यादोहरे, रामचन्द्र पटेल, रामशंकर, दिनेश चन्द्र, आईडी यादव, डॉ. आरपी दोहरे उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में प्रार्थना करते डॉ. निर्मल, प्रमोद सरोज व अन्य। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### ग्रीन कॉरिडोर पर कल होगी फन रेस

**अमृत विचार, लखनऊ:** पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनऊ विकास प्राधिकरण 3 मई को 'ग्रीन रन' का आयोजन करेगा। 3 .5 किलोमीटर (5 हजार स्टेप) की यह फन रेस नवनिर्मित ग्रीन कॉरिडोर पर झूलेलाल वाटिका से न्यू डालीगंज ब्रिज के मध्य होगी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि रैली में प्रतिभाग के लिए 1500 से अधिक महिला, पुरुषों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रतियोगिता चार श्रेणियों में होगी। पहली श्रेणी 18 से 30 वर्ष, दूसरी 30 से 50 वर्ष और तीसरी 50 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के लिए निर्धारित है। युगल दौड़ के लिए 172 जोड़ों ने पंजीकरण कराया है। सुबह 5 बजे से प्रतिभागी झूलेलाल वाटिका में एकत्रित होंगे। सुबह 6 बजे फ्लैग ऑफ के साथ ग्रीन रन की शुरुआत होगी। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, मेडल और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### पत्नी के अवैध संबंधों से क्षुब्ध हो की थी खुदकुशी

**अमृत विचार, लखनऊ:** पत्नी व उसके प्रेमी की प्रताड़ना से तंग आकर राजगीर बबलू ने आत्महत्या की थी। जांच में आरोप सही मिलने पर मोहनलालगंज पुलिस ने शुक्रवार को मृतक की पत्नी चांदनी व उसके प्रेमी सत्यमपाल को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कल्ली पूरब (घाघ) में रहने वाले बबलू (40) ने मंगलवार की सुबह घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने पिता श्रीराम की तहरीर पर बहू चांदनी व उसके प्रेमी सत्यमपाल निवासी रायबरेली के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी सत्यमपाल मोहनलालगंज स्थित बंधन बैंक में नौकरी करता है।

### गुम मोबाइल पाकर खिल उठे चेहरे

**अमृत विचार, लखनऊ:** महीनों पहले गुम हुए मोबाइल के बरामद होने की आस लोगों ने छोड़ दी थी। लेकिन डीसीपी साउथ की साइबर सेल टीम शिकायत के बाद लगातार नजर रखे रही। आखिरकार पुलिस ने करीब 12 लाख रुपये के 54 मोबाइल कई जिलों व प्रांतों से बरामद कर लिए। डीसीपी अमित कुमार आनंद ने शनिवार को बरामद मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे तो उनके चेहरे खिल गए। सभी ने पुलिस टीम का शुक्रिया अदा किया। डीसीपी ने बताया कि जोन व सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत के बाद सर्विलांस टीम को लगाया गया था।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, गोसाईंगंज:** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में 23 फरवरी की रात ढाबे के अंदर व बाहर दो युवकों पर जानलेवा हमले के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में तेजस सिंह और गौरव पांडेय निवासी प्रतापगढ़ हैं। पुलिस वारदात में शामिल आदित्य मिश्रा, विपुल सिंह, आयुष कालिया और सोमेन्द्र की तलाश में दबिशें दे रही हैं। नमन भटियानी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह अपने मित्र तुषार त्यागी के साथ 22 फरवरी की रात ढाबे पर खाना खाने गया था था। अचानक कुछ युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने ढाबे की कुर्सी, टेबल और लोहे की रॉड से दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया था। साथ ही तुषार पर कार चढ़ाकर मारने का प्रयास किया था।

# श्रमिकों से किया संवाद और बताए अधिकार

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और विज्ञान फाउन्डेशन ने छावनी में किया कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** श्रमिक दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विज्ञान फाउन्डेशन के तत्वावधान में पलटन छावनी स्थित आश्रय गृह में श्रमिक संवाद आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने की। उन्होंने कहा कि खेत खलिहानों से लेकर बड़े-बड़े उद्योग, गलियों से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग, असंख्य निर्माण और उत्पादन कार्यों में लगे हमारे श्रमिक देश की रीढ़ हैं। कार्यक्रम में शरद कुमार यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, विज्ञान फाउन्डेशन के कार्यकर्ता एवं श्रमिक उपस्थित रहे। सचिव ने 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की विस्तार से जानकारी दी।

उधर, मजदूर दिवस पर विद्युत संविदा मजदूर संगठन संविदा कर्मचारियों की बैठक की। इसमें संगठित होकर अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। ये भी तय हुआ कि कार्य के अनुरूप न्यूनतम वेतनमान 22,000 रुपये प्रति माह नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। ये भी मांग उठाई कि प्रदेश के ऊर्जा निगमों में कार्यरत लगभग 78,000 संविदा कर्मियों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गठित प्रस्तावित आउटसोर्सिंग निगम में शामिल किया जाए। संगठन प्रभारी पुनीत राय ने कहा कि जब तक इन कर्मचारियों का आउटसोर्सिंग निगम में समायोजन नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। 7 मई-26 को एक दिवसीय कार्य बहिष्कार का आह्वान किया।



ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपते यूपीडब्लूजेयू के सदस्य।

### उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** श्रम दिवस के अवसर पर यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (यूपीडब्लूजेयू) ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पत्रकारों की समस्याओं व कल्याण से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष टीबी सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर श्रमजीवी पत्रकारों के लिए पेंशन, पत्रकार सुरक्षा कानून, रियायती आवास और निशुल्क चिकित्सा सुविधा जैसी मांगें रखीं। प्रतिनिधिमंडल में सिद्धार्थ कलहंस, उत्कर्ष सिन्हा, आचार्य अजय त्रिवेदी और राजेश मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल रहे। भाजपा नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना ने श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित कर सफाई कर्मियों व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सम्मानित किया।

### 600 चालकों-कर्मियों का किया परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** विश्व मजदूर दिवस पर 1090 चौराहा के पास लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड ने केके हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। यह पहल शहर के उन कर्मवीरों को समर्पित रही, जो प्रतिदिन लखनऊ को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशाल शिविर में 600 से अधिक वाहन चालकों एवं कर्मचारियों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण कराया। ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी एवं नेत्र परीक्षण जैसी महत्वपूर्ण जांच नि:शुल्क की गईं। सभी को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। जिन कर्मचारियों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं रहीं, उन्हें अस्पताल भेजकर उपचार कराया। कर्मचारियों ने आयुष्मान कार्ड के लिए मौके पर रजिस्ट्रेशन कराया। कंपनी के रीजनल डायरेक्टर अभय रंजन के निर्देशन में तथा डॉ. गुल मोहम्मद, डॉ. शुभम एवं उनकी विशेषज्ञ टीम मौजूद रही।

### भाजपा सरकार की नीतियां श्रमिक विरोधी : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ ने सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें चेयरमैन नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी ने भाजपा सरकार पर मजदूर विरोधी नीतियों का आरोप लगाया। उन्होंने मनरेगा में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए कहा कि मजदूरों को पर्याप्त काम और मजदूरी नहीं मिल रही है। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा प्रस्तावित 400 रुपये दैनिक मजदूरी की मांग का भी जिक्र किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कार्यकर्ता सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। श्रमिक सम्मान समारोह मे मिल रोड एवरेडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पूर्व पार्षद अजय अवस्थी बन्टी, भाजपा नेता राजकिशोर साहू, सरोज राज दुबे, मनोज लोधी, समाजसेवी पंडित सच्चिदानंद द्विवेदी, उपस्थित रहे।




कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी व अन्य।

### एस-4 का प्रांतीय संकल्प सम्मेलन हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रमिक दिवस के अवसर पर संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उप्र (एस-4) की ओर से प्रांतीय संकल्प सम्मेलन आयोजित किया गया। शुरुआत एस-4 के अध्यक्ष अजय सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन और गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। संयोजक संजय मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह और महासचिव आरके निगम मौजूद रहे। चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया। 15 मई से 9 अगस्त तक चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया।




मजदूरों को भोजन के पैकेट बांटते सोमनाथ कश्यप।

### दिहाड़ी किचन में मजदूरों को बांटा भोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** मजदूर दिवस पर बदलाव-एक कदम शिक्षा की ओर संस्था ने आलमबाग नहर लेबर चौक स्थित दिहाड़ी किचन में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था के संचालक सोमनाथ कश्यप के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूरों को भोजन बांटा गया। सोमनाथ ने बताया कि संस्था 10 वर्षों से मजदूरों को भोजन उपलब्ध करा रही है। आज की सेवा अमेरिका से संरक्षक अंजलि तिवारी के सहयोग से संचालित हुई।

## सिटी डायरी



निरीक्षण करते सीनियर डीसीएम समर्थ गुप्ता।

### वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने किया चारबाग स्टेशन का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता ने चारबाग रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीआईटी, लॉबी, बुकिंग काउंटर, एटीवीएम काउंटर, प्रतीक्षालय, द्वितीय प्रवेश द्वार स्थित पीआरएस कार्यालय और मुख्य पीआरएस कार्यालय का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों को उपलब्ध सुविधाओं, टिकटिंग व्यवस्था, साफ-सफाई और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। उन्होंने बुकिंग व पीआरएस काउंटरों पर यात्रियों को त्वरित और बेहतर सेवा देने के निर्देश दिए। सीनियर डीसीएम ने यात्रियों से संवाद कर डिजिटल भुगतान प्रणाली के उपयोग की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि डिजिटल भुगतान सुरक्षित, सुविधाजनक और समय की बचत करने वाला माध्यम है।



गोमती की आरती करतीं महंत दिव्या गिरी व अन्य।



प्रवचन देते स्वामी मुक्तिनाथानन्द।

### पूर्णिमा पर की गोमती की आरती

**अमृत विचार, लखनऊ:** बैशाख पूर्णिमा सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका में गोमती की महाआरती एवं सनातन समागम का आयोजन किया गया। भक्ति, शक्ति और सामाजिक संकल्प के इस अनूठे संगम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गोमती की आराधना की और समाज को कुरीतियों से मुक्त करने की शपथ ली। सात मंचों से शंखनाद किया गया और इससे वातावरण भक्तिमय बन गया। स्वामी आनंद नारायण और सेंट्रल बार के कोषाध्यक्ष एडवोकेट दीपक सिंह के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत 7 मंचों से एक साथ हुए शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ हुई। 7 आचार्यों ने महाआरती कराई। इसके बाद 251 दीप प्रज्ज्वलित किए गए तो गोमती तट की आभा देखते ही बनी और वहां दीपावली जैसा जीवंत दृश्य उपस्थित हो गया।

### मुक्तिनाथानन्द ने प्रवचन दिए

**अमृत विचार, लखनऊ:** रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने शुक्रवार को मठ में दिए प्रवचन में कहा कि संतुलित जीवन, साधना और वैराग्य के माध्यम से मनुष्य संसार में रहते हुए भी ईश्वर की भक्ति और आंतरिक शांति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि बिना साधना के संसार में रहना अत्यंत कठिन है। उन्होंने बताया कि रामकृष्ण का कहना था कि संसार में रहते हुए अनासक्त रहना आसान नहीं है। मनुष्य अक्सर मोह, लालच और इच्छाओं में उलझ जाता है, जिससे उसका मन अशांत रहता है। इसलिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति साधना के माध्यम से अपने मन को स्थिर और शुद्ध बनाए।




टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण करते डॉ. सूर्यकांत व साथ में मौजूद अन्य।

### 30 टीबी मरीजों को दी पोषण किट

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुजरात राज्य स्थापना दिवस पर किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि इस अवसर पर 30 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित की गई। डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि अब तक 500 से अधिक टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है।

अभियान — वैश्य समाज के लोगों को एक मंच पर संगठित करने की तैयारी

# 25 लाख वैश्य परिवारों को जोड़ेगा इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान में प्रदेश के 25 लाख वैश्य परिवारों को संगठन की प्राथमिक सदस्यता से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ये जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पत्रकारों को दी।

डॉ. बोरा ने बताया कि लोकतंत्र में संख्या बल का विशेष महत्व होता है और वैश्य समाज की व्यापक जनसंख्या को एक मंच पर संगठित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वैश्य मित्र सदस्यता के माध्यम से समाज को एक सशक्त पहचान और एकजुटता प्रदान की जाएगी जिससे सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक क्षेत्रों में नई संभावनाएं विकसित होंगी। उन्होंने बताया कि यह सदस्यता अभियान पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित होगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। पंजीकरण के बाद उन्हें संगठन की डिजिटल सदस्यता आईडी भी प्राप्त होगी। इससे पारदर्शिता, सुगमता और व्यापक सहभागिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान केवल सदस्यता तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसके माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं व्यवसाय में सहयोग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना, जरूरतमंदों की सहायता तथा समाज के भीतर एक सुदृढ़ नेटवर्क तैयार करना भी प्रमुख उद्देश्य है।

उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों, नगरों एवं गांवों में कार्यकर्ताओं से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश महामंत्री डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. अनिल गुप्ता, युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय, प्रदेश महामंत्री अनुराग साहू, महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महिला इकाई महानगर अध्यक्ष रुपाली अग्रवाल, युवा इकाई महानगर अध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, अल्पना गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल रामप्रकाश गुप्ता की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि भी दी गई।




इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के सदस्यता अभियान की शुरुआत करते विधायक डॉ. नीरज बोरा, संगठन के प्रदेश महामंत्री डॉ. अजय गुप्ता, अनुराग साहू व अन्य।

● क्यू आर कोड के जरिये मोबाइल से ही सदस्य बन सकते हैं वैश्य समाज के लोग

## सिटी ब्रीफ



### दम दिखाने को तैयार एथलेटिक्स टीम

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन की देखरेख में 29वीं यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आगामी सात और आठ मई को प्रयागराज के पं. मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाली लखनऊ एथलेटिक्स टीम की घोषणा शुक्रवार को कर दी गई। लखनऊ एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण के अनुसार खिलाड़ियों का चयन उनके हालिया प्रदर्शन के आधार पर किया गया है और टीम से पदक की पूरी उम्मीद है। लखनऊ एथलेटिक्स टीम में कुल आठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पुरुष वर्ग में 800 मीटर में अंश शर्मा, 200 मीटर में विशाल चौधरी, 1500 मीटर में रोशन कुमार, 5000 मीटर में दौलत राम तथा 100 और 200 मीटर में मेधांजय ट्रैक पर उतरेंगे। महिला वर्ग में शॉट पुट में गौरांगी जायसवाल, 400 मीटर में कीर्ति शुक्ला व यासमीन खातून और 800 मीटर में प्रतीक्षा यादव को टीम में जगह मिली है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि खिलाड़ियों ने हाल के मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन किया है, जिससे इस बार लखनऊ टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद जताई जा रही है।

### तैराकी चैंपियनशिप आज से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन के देखरेख में वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन की ओर से प्रथम जिला वीकेएस फाउंडेशन तैराकी चैंपियनशिप दो और तीन को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में आयोजित की जायेगी। दो दिवसीय चैंपियनशिप में 20 से अधिक विद्यालयों और संस्थानों के लगभग 400 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। स्पर्धाएं दोनों दिन सुबह नौ बजे से सायं चार बजे तक चलेंगी। चैंपियनशिप के आयोजन का उद्देश्य उदीयमान खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा दिखाने के लिए उचित प्लेटफार्म प्रदान करना के साथ युवाओं को खेलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### जे-30 टेनिस टूर्नामेंट आज से

अमृत विचार , लखनऊ : गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में शनिवार से आईटीएफ जूनियर जे-30 टेनिस टूर्नामेंट का आगाज़ होगा। पहले दो दिनों में बालक व बालिका एकल वर्ग के क्वालिफाइंग मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि मुख्य ड्रॉ के मैच 4 मई से शुरू होंगे। क्वालिफाइंग राउंड में 30 पुरुष और 25 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस चरण में चीन के कैन लवानी, अमेरिका की अनाया सेन और ऑस्ट्रेलिया की ट्रूशा जैनी पर विशेष नजर रहेगी। स्थानीय खिलाड़ियों में उत्तर प्रदेश के रोहिन राज गुप्ता, अभ्युदय सिंह, हारिस खान, मोहम्मद शीज, ध्रुव सिंह, फैज अली किदवई और शारान्या श्रीवास्तव मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने की चुनौती पेश करेंगे। आयोजन सचिव समित केसरी और यूपी टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल के अनुसार तैयारियां पूरी हैं। क्वालिफाइंग से 8-8 खिलाड़ी मुख्य ड्रॉ में पहुंचेंगे। मुख्य ड्रॉ 3 मई को घोषित होगा, जबकि 4 से 9 मई तक एकल व युगल मुकाबले खेले जाएंगे।

### खिलाड़ियों को सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा

अमृत विचार, लखनऊ : खिलाड़ियों को बेहतर इलाज और खेल चोटों (स्पोर्ट्स इंजरी) से त्वरित रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) और मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत एसएनआई जुड़े केंद्रों, स्कूलों और स्टेडियमों के खिलाड़ियों और उनके परिवारों को विशेष चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। एमओयू पर मैक्स हॉस्पिटल के आशीष शर्मा और एसएनआई निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में स्पोर्ट्स इंजरी विशेषज्ञ डॉ. प्रसून कांत शमशेरी ने खिलाड़ियों को वैज्ञानिक पद्धति से चोटों के प्रबंधन और रिहैबिलिटेशन के टिप्स दिए। मैक्स हॉस्पिटल के यूनिट हेड प्रमित मिश्रा और डॉ. पांडेय ने इसे खेल विकास की दिशा में इसे बड़ी पहल बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि सुनील तुली सहित कई खेल विशेषज्ञ और प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# गरबा नृत्य, पदयात्रा व खेलकूद से सांस्कृतिक विविधता को मिला बढ़ावा

## भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में गुजरात स्थापना दिवस पर हुए विविध आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गुजरात स्थापना दिवस पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में विविध सांस्कृतिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को प्रोत्साहित करना तथा समाज में जनहितकारी जागरूकता को सुदृढ़ करना है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में पारंपरिक गरबा नृत्य का आयोजन डॉ. गरिमा टंडन एवं अलका मिश्र के निर्देशन में हुआ, जिससे प्रतिभागियों को गुजरात की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित होने का अवसर मिला। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्रामों बेलवा एवं मधवापुर के नागरिकों के लिए टीकाकरण (एसपीवी वैक्सीन) के प्रति जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए कठिंग्रा सहित अन्य गोद ग्रामों में भी यह अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं निर्देशन डॉ. प्रेरणा राणा और डॉ. गरिमा टंडन के मार्गदर्शन में किया गया।



गुजरात स्थापना दिवस पर हनुमंत धाम हनुमान सेतु तक मंदिर दर्शन पद यात्रा में शामिल छात्र छात्राएं। अमृत विचार

- गोद लिए ग्रामों में टीकाकरण जागरूकता अभियान भी चलाया गया


इसी क्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक पदयात्रा का आयोजन किया गया, जो सुबह 7 बजे परिसर से हनुमंत धाम/हनुमान सेतु तक निकाली गई। पदयात्रा एवं मंदिर दर्शन कार्यक्रम का निर्देशन डॉ. ज्ञान सिंह पटेल एवं कृति शुक्ल ने किया। इसके अलावा परिसर में खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ, जिससे विद्यार्थियों में शारीरिक सुदृढ़ता, अनुशासन एवं टीम भावना का विकास हो सके। इस आयोजन का निर्देशन डॉ. गरिमा टंडन एवं डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने किया।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि विभिन्न प्रांतों के स्थापना दिवस जैसे आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त बनाते हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समझ एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।

# नारी आक्रोश मशाल यात्रा पर ट्रैफिक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 2 मई को नारी आक्रोश मशाल यात्रा को लेकर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। शनिवार दोपहर 3 बजे से समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने बताया कि डायवर्जन के दौरान वैकल्पिक मार्ग के अभाव में प्रतिबंधित मार्ग पर भी एंबुलेंस, दमकल, स्कूली वाहन और शव वाहन जा सकेंगे। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।



### इधर से न जाएं

- लालबत्ती चौराहा की ओर से 1090 चौराहा/समतामूलक चौराहा/पॉलिटेक्निक चौराहा/सुभाष चौराहा की ओर जाने वाले वाहन बंदरियाबाग चौराहा/गोल्फ क्लब चौराहा/राजभवन/डीएसओ चौराहा/हजरतगंज चौराहा/जीपीओ मोड़/विधानभवन की ओर नहीं जाएंगे।
- डीएसओ चौराहा/रॉयल होटल चौराहा की ओर से सुभाष चौराहा/सिकंदरबाग चौराहा/महानगर/गोमतीनगर की ओर से आने वाले वाहन हजरतगंज/विधानसभा मार्ग की ओर नहीं जाएंगे।
- पार्क रोड की ओर से चारबाग/कैसरबाग/लालबत्ती की ओर जाने वाले वाहन डीएसओ चौराहा/हजरतगंज चौराहा/विधानसभा की ओर नहीं जाएंगे।
- गोमतीनगर की ओर से कैंट/चारबाग/आलमबाग/चौक की ओर जाने वाले वाहन गोल्फ क्लब चौराहा/राजभवन/डीएसओ चौराहा/हजरतगंज चौराहा/जीपीओ मोड़/विधानसभा/सिसेण्डी तिराहा की ओर नहीं जाएंगे।
- सिकंदरबाग चौराहा से चारबाग/चौक/कैसरबाग की ओर जाने वाले वाहन हजरतगंज चौराहा की तरफ नहीं जाएंगे।
- परिवर्तन चौक/हिंदी संस्थान तिराहा की ओर से गोमतीनगर/कैंट/अर्जुनगंज बाजार व तेलीबाग/आलमबाग/कानपुर रोड की ओर वाहन नहीं जाएंगे।
- तेलीबाग/बंगलाबाजार से गोमतीनगर/महानगर की ओर जाने वाले वाहन डीएसओ चौराहा/हजरतगंज की ओर नहीं जाएंगे।
- लालबाग चौराहा से महानगर/गोमतीनगर/कैंट की ओर जाने वाले वाहन कैपिटल तिराहा की तरफ नहीं जाएंगे।
- महानगर की तरफ से आने वाले रोडवेज/सिटी बस सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानभवन की ओर नहीं जाएंगे।
- केकेसी तिराहा से चारबाग की तरफ से आने वाले रोडवेज/सिटी बस हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल से विधानभवन की नहीं जाएंगी।

### इधर से जाएं

- वाहन लालबत्ती चौराहा से कटाईपुल चौराहा, जी-20 चौराहा/कमता तिराहा होकर या कैंट, कुंवर जगदीश चौराहा, केकेसी तिराहा, बर्लिंगटन चौराहा, कैसरबाग चौराहा की ओर से जाएंगे।
- वाहन लालबत्ती चौराहा से कटाईपुल चौराहा, जी-20 चौराहा/कमता तिराहा या कैंट से कुंवर जगदीश चौराहा, केकेसी तिराहा, बर्लिंगटन चौराहा, अशोकलाट कैसरबाग चौराहा की ओर से जाएंगे।
- वाहन पार्क रोड से वाईएमसीए चौराहा, सिकंदरबाग चौराहा, चिरैयाझील चौराहा, सुभाष चौराहा होकर जाएंगे।
- वाहन समतामूलक चौराहा से ग्रीन कारिडोर होकर डालीगंज चौराहा या गोल्फ क्लब चौराहा/बंदरियाबाग चौराहा/लालबत्ती चौराहा/कैंट होकर जाएंगे।
- वाहन सुशीला स्मृतिका ग्रीन कॉरिडोर चौराहा होकर डालीगंज चौराहा/सीडीआरआई तिराहा होते हुए कैसरबाग व चौक की तरफ जाएंगे।
- वाहन सुभाष चौराहा से ग्रीन कॉरिडोर या चिरैयाझील/बैकुंठ धाम होकर या अल्का तिराहा से डनलप तिराहा/सहारागंज तिराहा/सिकन्दरबाग चौराहा से समतामूलक चौराहा या अशोक लाट चौराहा/बर्लिंग्टन चौराहा/केकेसी तिराहा होकर जाएंगे।
- वाहन बंदरियाबाग चौराहा/गोल्फ क्लब चौराहा/1090 चौराहा/समतामूलक चौराहा होकर जाएंगे।

# दहेज के लिए नवविवाहिता को जलाकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घर से ज्वलनशील पदार्थ, लाइटर और अन्य सामान बरामद
- पति समेत पांच के खिलाफ पारा थाने में दहेज हत्या की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** पारा के जनता विहार कॉलोनी में दहेजलोभियों ने नवविवाहिता की जान ले ली। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति और ससुरालवालों ने नवविवाहिता को जलाकर मार डाला। यह आरोप लगाते हुए पिता ने शुक्रवार शाम को पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस पांचों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। छानबीन के दौरान पुलिस ने घर से ज्वलनशील पदार्थ, लाइटर और अन्य वस्तुएं बरामद की हैं।

मूल रूप से उन्नाव के हसनगंज थाना के सीतापुर गांव निवासी शिवकुमार ने बताया कि 7 फरवरी को बेटी मुस्कान (24) की शादी पारा के वादरखेड़ा रोड स्थित जनता विहार कॉलोनी के रहने वाले रिंकू राठौर से की थी। रिंकू निजी स्कूल में ई-रिक्शा से बच्चे लाने और ले जाने का काम करता है। शिव कुमार ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही दामाद रिंकू, उसके पिता मूलचंद, मां बसंती, बड़ा भाई संतलाल और बहन अंजली मायकेवालों से रुपये मांगे और सामान लाने का दबाव बनाकर मुस्कान को प्रताड़ित करते थे।

गुरुवार दोपहर दो बजे के आसपास ससुरालवालों ने बेटी को जिंदा जला दिया। ससुरालवालों ने गंभीर हालत में मुस्कान को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, लेकिन मायकेवालों को सूचना नही दी। शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे मुस्कान ने दम तोड़ दिया। जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता शिवकुमार ने दामाद समेत पांचों पर आग से जलाकर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पांचों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों ने घटना के बाद साक्ष्य मिटाने के लिए फर्श को पोछा लगाकर साफ किया गया था।

# खाता फ्रीज करने के मामले में इंडियन ओवरसीज बैंक पर हर्जाना

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने कहा, बैंक ट्रस्टी, न कि जांच एजेंसी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बैंक खातों को मनमाने ढंग से फ्रीज करने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बैंक एक ट्रस्टी के रूप में कार्य करता है, न कि निगाह रखने वाली जांच एजेंसी के रूप में। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने एक खाते को बिना किसी उचित कारण के फ्रीज करने पर इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) पर 50 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है, जो खाताधारक को चार सप्ताह में देना होगा।

उक्त निर्णय न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ व न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने मेसर्स एसए इंटरप्राइजेज की याचिका को मंजूर करते हुए पारित किया। याची फर्म की ओर से दलील दी गई कि फर्म मछली पालन की मशीनरी का व्यवसाय करती है और उसके बैंक खाते में 16 जनवरी 2026 को 23 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से जमा हुए थे। इसके बावजूद बैंक ने यह कहते हुए खाता फ्रीज कर



दिया कि खाता खोलते समय फर्म ने अपनी वार्षिक आय 5.76 लाख रुपये बताई थी, ऐसे में अधिक राशि जमा होना संदिग्ध है। वहीं बैंक की ओर से दलील दी गई कि यह एक संदिग्ध लेनदेन था और मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस पर न्यायालय ने कहा कि वर्तमान मामले में खाता किसी साइबर अपराध के कारण फ्रीज नहीं किया गया, बल्कि बैंक स्वयं जांच एजेंसी की भूमिका में आ गया।

न्यायालय ने कहा कि बैंक खुद यह तय नहीं कर सकता कि पैसा कहां से आया, जब तक कि पुलिस, ईडी या सीबीआई जैसी एजेंसियों से कोई औपचारिक आदेश न मिले। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी मनमानी कार्रवाई से खाताधारक के दैनिक व्यवसाय और आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### रिकॉर्ड से पेज फाड़ लगाया दूसरा

- अमृत विचार, लखनऊ : फर्म सोसाइटी व चिट्स कार्यालय में घुसकर दो लोगों ने सरकारी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ की। आरोप है कि दस्तावेज में दर्ज एक पेज फाड़कर उसकी जगह फर्जी पेज लगा दिया गया। मामले में प्रधान सहायक कल्पना शर्मा की तहरीर पर हुसैनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रधान सहायक के अनुसार ओमेक्स रेजीडेंसी-1 से संबंधित दस्तावेजों की जांच के लिए 25 अप्रैल को बस्ती निवासी हिमांशु कुमार सिंह ने प्रार्थना पत्र जमा किया था। निरीक्षण की तिथि 27 अप्रैल तय की गई थी। उस दिन हिमांशु अपने एक साथी के साथ कार्यालय पहुंचा, जहां कंप्यूटर ऑपरेटर ऋषभ यादव की निगरानी में फाइल देख रहा था। इसी दौरान उसने चुपके से रिकॉर्ड का पेज संख्या 205 फाड़कर फेंक दिया और उसकी जगह फर्जी पेज लगा दिया।

# पति का दूसरी महिला से संबंध जबरन खिलाया मीट, पिलाई शराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साउथ सिटी निवासी विवाहिता ने डॉक्टर पति पर विवाहेत्तर संबंध रखने, दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जबरन मांसाहार व शराब पिलाने का आरोप लगाया है। महिला थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार देव्यांशी चौधरी की शादी 26 अक्टूबर 2024 को गुरुग्राम निवासी डॉ. लक्ष्य महाजन से हुई थी, जिसमें परिजनों ने करीब 60 लाख रुपये खर्च किए थे।

आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही पति, सास-ससुर और ननद ने 50 लाख रुपये व लग्जरी कार की मांग शुरू कर दी। विरोध करने पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया गया। देव्यांशी का कहना है कि पति के अन्य महिलाओं से संबंध हैं। इस बारे में पूछने पर उसके साथ मारपीट की गई।

पीड़िता के अनुसार ससुराल में उसे जबरदस्ती मांसाहार करने और शराब पीने के लिए मजबूर किया जाता था। पति पर थाईलैंड जाकर अन्य महिलाओं के साथ समय बिताने का भी आरोप है। विरोध करने पर धमकाया गया। नवंबर 2025 में ससुराल पक्ष ने उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह मायके लखनऊ आ गई।

पीड़िता का कहना है कि उसके गहने, कपड़े और पासपोर्ट अभी भी ससुराल वालों के पास हैं। इंस्पेक्टर अंजू पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रिश्तेदार के घर में तोड़फोड़, फायरिंग

- अमृत विचार, लखनऊ: कृष्णानगर के एलडीए कॉलोनी सेक्टर-सी-1 में गुरुवार देर शाम दबंगों ने रिश्तेदार के घर पर धावा बोलकर तोड़फोड़ और फायरिंग की। पीड़िता रीना यादव के अनुसार 29 अप्रैल को शादी समारोह में पति करन सिंह का मनीष यादव से विवाद हुआ था। अगले दिन धमकी दी गई। आरोप है कि रात करीब 10:30 बजे आरोपी असलहों के साथ पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए तोड़फोड़ व फायरिंग की। आरोपी बाद में काकोरी स्थित दूसरे घर पर भी पहुंचे। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कई नामजद व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# स्कॉलर्स होम के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल के विद्यार्थियों ने आईसीएसई और आईएससी के बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की परीक्षा में नियति सक्सेना ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्यमन राय 94.25 प्रतिशत, रुद्राक्ष यादव 94.25 प्रतिशत, शिवानी प्रजापति 94 प्रतिशत, यश्या श्रीवास्तव 93.25 प्रतिशत, शाश्वत शुक्ला 93 प्रतिशत, हैन सैन 92.25 प्रतिशत, वर्तिका वर्मा 92.25 प्रतिशत, आयुष कुमार यादव 91 प्रतिशत, अनुष्ठा चौधरी 90 प्रतिशत और तस्मिया आफरीन 90 प्रतिशत ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कक्षा 10वीं की परीक्षा में आयुष यादव ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके बाद पथलम पवित्रा 97.2 प्रतिशत, संचिता प्रजापति 97.2 प्रतिशत, अलक सिंह बघेल 97 प्रतिशत, शिवांश श्रीवास्तव 96.2 प्रतिशत, कीर्ति त्रिपाठी 96 प्रतिशत, अभ्युदय संतोष सिंह 95.2 प्रतिशत, पुरू त्रिपाठी 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। डायरेक्टर सरिता जायसवाल व प्रिंसिपल अनुपम सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।



खुशी से झूमते स्कॉलर्स होम स्कूल के छात्र-छात्राएं

### लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल के सभी विद्यार्थी पास

- अमृत विचार, लखनऊ : आईसीएसई कक्षा 10 और आईएससी कक्षा 12 में लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें सभी छात्र सफल घोषित हुए। कक्षा 10 में छात्र युवराज सिंह ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंशिका, आर्यन यादव 90 प्रतिशत, प्रिंस प्रजापति, तेजस्विनी सिंह ने क्रमश: द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में अर्थ पाण्डेय ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। प्रिया सेन, आयुष यादव, सौरभ चौरसिया और अंकिता गौतम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थानों में जगह बनाई। विद्यालय के 25 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंधक अवधेश सिंह, निदेशक डॉ. अमित सिंह और प्रधानाचार्या गुंजन खत्री ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।


लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। अमृत विचार

### राजकुमार इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का भी जलवा

- अमृत विचार, लखनऊ : आईसीएसई परीक्षा में राजकुमार इंटर कॉलेज मेहंदीगंज के विद्यार्थियों ने सफलता का झंडा गाड़ा है। स्कूल के 12वं में मोहम्मद आरिफ़ ने 94.5 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉप किया है। शिकायबा हसन ने 94 प्रतिशत के साथ स्कूल में दूसरा और मोहम्मद हसन ने 93.5 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। 10वीं में 95.6 प्रतिशत अंक के साथ सैय्यदा ताजिम फातिमा पहले, 93. प्रतिशत अंक के साथ रिया गुप्ता दूसरे और 91.2 प्रतिशत अंक के साथ मनीषी श्रीवास्तव तीसरा स्थान पर रहीं। प्रबंधक राजीव बक्शी में मेधावियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अनुज राज ने बताया कि कक्षा 12 में 11 बच्चों ने 90 प्रतिशत और कक्षा 10 में सात बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

### दि हैमिल्टन अकादमी में शिखर टॉपर

- अमृत विचार, लखनऊ : दि हैमिल्टन अकादमी गोकुल ग्राम आवास विकास योजना द्वितीय बीबी खेड़ा में 10वीं के छात्र शिखर यादव 97 प्रतशित अंक प्राप्त किए। एकता मौर्या ने 86 प्रतिशत, लोकेश मिश्रा ने 96 प्रतिशत, आदित्य वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### आईसीएसई (10वीं) के मेधावी


शिखर यादव
97 प्रतिशत
द हेमेल्टन एकेडमी


लोकेश मिश्रा
96 प्रतिशत
द हेमेल्टन एकेडमी


एकता मौर्या
96 प्रतिशत
द हेमेल्टन एकेडमी


युवराज सिंह
96 प्रतिशत
एलएमपीएस


मनीष श्रीवास्तव
91.2 प्रतिशत
राजकुमार इंटर कॉलेज


आदित्य वर्मा
90 प्रतिशत
द हेमेल्टन एकेडमी


खदीजा फातिमा
90.40 प्रतिशत
राजकुमार इंटर कॉलेज


चिरंजीव जयसवाल
92.4 प्रतिशत
सीएमएस राजेंद्र नगर

### आईएससी (12वीं) के मेधावी


मोहम्मद आरिफ
94.5, प्रतिशत
राजकुमार इंटर कॉलेज


यशवांशी वर्मा
95 प्रतिशत
सीएमएस


सिकाबा हसन
94 प्रतिशत
राजकुमार इंटर कॉलेज


अर्थ पांडेय
94 प्रतिशत
एलएमपीएस


मोहम्मद हसन
93.5 प्रतिशत
राजकुमार इंटर कॉलेज


हर्षित नग
93.5 प्रतिशत
राजकुमार इंटर कॉलेज


वेदांग जयसवाल
92.7 प्रतिशत
राजकुमार इंटर कॉलेज


तनिष्का गोयल
97.8 प्रतिशत
एलपीएस राजाजीपुरम